कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602 AISHE Code : C-21647

दिनांक : 26/07/2025

## // प्रेस विज्ञप्ति //
## गर्ल्स कॉलेज में
## कारगिल विजय दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वय द्वारा कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव द्वारा करगिल के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इन्हीं देशभक्त सैनिकों के कारण हम अपने घरों में चैन की नींद सोते है, सैनिक बहुत ज्यादा अपने कार्य के प्रति कर्त्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित होते है। राष्ट्रीय सेवा इकाई द्वितीय की अधिकारी डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि कारगिल युद्ध के जवान अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देश के आन-बान की रक्षा की। छात्राओं को कारगिल युद्ध का इतिहास की जानकारी दी,

डॉ. ऋतु दुबे ने कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडेय, योगेंद्र सिंह यादव और राइफलमैन संजय यादव जैसे वीर सैनिकों की बहादुरी, साहस और विजयगाथा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं, डॉ. मुक्ता बाखला ने कारगिल युद्ध की रणनीतियों और सैनिकों के चयन की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला।

महाविद्यालय की छात्राएँ कविता मालेकर, हेमकुमारी देशमुख और सिमरन सारवे ने भी इस अवसर पर सहभागिता दी। कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. की छात्रा हर्षिता ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया।

इस कार्यक्रम में डॉ. अनुजा चौहान, डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. मुक्ता बाखला, श्रीमती ज्योति भरणे, सहयोगी श्री विमल यादव, श्री विजय चंद्राकर, श्री ओम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।






डॉ. रंजना श्रीवास्तव
प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)